तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024



09 बकाया कर जमा करने में ढिलाई 17 संस्थाओं को किया ...

10 अवैध प्लाटिंग-अतिक्रमण के खिलाफ बरतें सख्ती : कलेक्टर








## खबर संक्षेप

### दो महिला से 36 पौवा देशी शराब जब्त

**बालोद।** महात्मा गांधी के पुण्य तिथि पर अवैध शराब बिक्री करते दो आरोपियों को डौण्डीलोहारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 36 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पकड़े गए आरोपियों में संबलपुर निवासी रंजीता बाई पति स्व.धनंजय कोसरे 37 वर्ष के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन कीमती करीब 2160, तथा वार्ड नंबर 10 राजापारा निवासी नरबदिया बाई पति दिलीप कुमार देशलहरे 60 वर्ष के कब्जे से अवैध शराब 18 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए बरामद कर धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है।

### ग्राम बुंदेली (कोबा) में श्री राम कथा कल से

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बुंदेली (कोबा) में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक किया जाएगा।



आयोजन समिति के भोपसिंह साहू व अनुसूईया देवी साहू ने बताया कि क्षेत्र में पहली बार प्रेम मूर्ति पूज्य संत श्री प्रेमभूषण जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य राजन जी महाराज के श्रीमुख से 9 दिन तक श्रीराम कथा का श्रवण पान करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन 2 फरवरी को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के श्रीराम कथा मंडप पहुंचने के बाद पूजा अर्चना के बाद राजन जी महाराज व्यास पीठ पर विराजमान होकर धाराप्रवाह श्रीराम कथा की शुरुआत करेंगे।

### देवीनवागांव में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**बालोद।** ग्राम देवीनवागांव में निषाद परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक आयोजित है। कथावाचक नेवारीकला से भगवताचार्य पंडित लोकेश शर्मा महाराज होंगे। कथा का समय दोपहर 1 से 5 बजे तक होगा।

### सीएमएचओ से पात्र अपात्र की सूची जारी

**बालोद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बालोद द्वारा जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु पात्र–अपात्र सूची जारी कर दी गई है। प्रकाशित सूची के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा दावा-आपत्ति करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी तक निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवसों में दावा-आपत्ति कार्यालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में प्रस्तुत कर सकतें है। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, ड्रेसर ग्रेड–1, ड्रेसर ग्रेड–2, लैब अस्सिटेंट, डार्करूम अस्सिटेंट के विभिन्न पदों पर प्रारंभिक पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिले के वेब पोर्टल बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

### ग्राम भरदाखुर्द में मड़ई-मेला आज

**गुण्डरदेही।** ग्राम भरदाखुर्द में एक फरवरी गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक कला मंच धरती के श्रृंगार की अनुपम प्रस्तुति होगी। वहीं, गांव के पंचदीप मानस प्रचार समिति व ग्रामीणों के तत्वावधान ग्राम में 3 और 4 फरवरी को दो दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें 18 मंडलियां भाग लेंगी।

# शिक्षक ने खेल को बनाया लक्ष्य, बच्चों को दे रहे निःशुल्क प्रशिक्षण, राष्ट्रीय स्पर्धा में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

ग्राम पिरीद निवासी एक शिक्षक ने खेल को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। अब वे खुद ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिसमें 30 से ज्यादा बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। यहां प्रशिक्षण लेकर स्कूल में पढ़ने वाली बेटियां नेशनल स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने तथा अपने माता-पिता व जिले का नाम रौशन कर रही हैं। ग्राम पिरीद निवासी शिक्षक प्रकाश कुमार देशमुख लगभग 5 वर्षों से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को वेट लिफ्टिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। पहले वे अपने गांव में ही एक छोटी सी जगह पर कम संसाधनों में ही यह प्रशिक्षण दिया करते थे, लेकिन उसके बाद हर गांव के बच्चों को इसका लाभ मिल सके, इसके लिए उन्होंने नगर अर्जुंदा के भारतीय कन्या स्कूल के एक भवन में निःशुल्क प्रशिक्षण देना शुरू किया है। यहां वर्तमान में 30 से ज्यादा बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## प्रशिक्षक प्रकाश ने कहा- ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चे आगे आएं, यही हमारा उद्देश्य



### लड़कियों को शिक्षा के साथ खेल से जोड़ना है उद्देश्य

कोच प्रकाश देशमुख ने बताया कि हर बच्चे को शिक्षा के साथ खेलों से जोड़ना ही मेरा मकसद है, ताकि बेटियां पढ़ाई के अलावा खेलों में भी अपना तथा अपने देश का नाम रोशन कर सकें। इसी उद्देश्य को लेकर मैं यह निःशुल्क ट्रेनिंग दे रहा हूं, ताकि राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकें। प्रकाश देशमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अपार क्षमता वाले होते हैं, जिन्हें सिर्फ थोड़ा सा मार्गदर्शन मिलने से ही उनके आगे बढ़ने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे कम जानकारी के कारण सीमित हो जाते हैं और उन्हें सुविधा भी नहीं मिल पाती। श्री देशमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चे आगे निकलें, यही हमारा लक्ष्य है।

### वेट लिफ्टिंग में नाम रोशन कर रही हैं बेटियां

उल्लेखनीय है कि कोच प्रकाश देशमुख से प्रशिक्षण लेकर हेमा मांडवी, भारती साहू जैसी कई खिलाड़ियां अब आगे बढ़ रही हैं। उनमें से 4 नेशनल खेल चुकी हैं। खेलो इंडिया रैंकिंग टूर्नामेंट स्कूल गेम नेशनल अंडर–19 भी खेल चुकी हैं, तमिलनाडु ओपन नेशनल का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसी तरह पटना में टॉप 6 में भी अपना स्थान बना चुकी हैं। बेंगलुरु में कांस्य पदक अपने नाम किया है इसके साथ ही स्कूल गेम स्टेट में गोल्ड मेडल लगातार 3 वर्षों से अपने नाम किया है। वहीं, नए बच्चों की तैयारी चल रही है।

## समर्थन मूल्य : राज्य शासन ने 4 फरवरी तक बढ़ाया धान खरीदी का समय

# जिले में 7 लाख 44 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी, छूटे किसानों को चार दिन और मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में अंतर्गत किसानों से धान की नगद व लिकिंग में खरीदी की तिथि को 4 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी है। पूर्व में यह तिथि 1 नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गई थी। राज्य शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों के आधार पर अब शनिवार एवं रविवार के दिन भी किसानों के धान की खरीदी की जाएगी।

उधर, जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 160 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है।

उनमें से अब तक 01 लाख 44 हजार 39 किसानों द्वारा कुल 07 लाख 43 हजार 471 मीट्रिक टन धान विक्रय किया जा चुका है। किसानों से खरीदे गए



धान की कुल राशि 1627 करोड़ 56 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 05 लाख 72 हजार 339 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 04 लाख 90 हजार 983 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 2 लाख 52 हजार 487 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस के लिए 181 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 2235 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

## अधिकांश किसान बेच चुके हैं धान, कुछ ही शेष

**जामगांव आर।** सोसायटियों से मिली जानकारी के अनुसार पंजीकृत अधिकांश किसान धान विक्रय कर चुके हैं, कुछ किसान जो शेष है यदि वे आते हैं तो शासन के निर्देशानुसार 4 फरवरी तक धान खरीदी जाएगी। शाखा प्रबंधकों ने कहा कि शनिवार रविवार को भी किसान धान बेचने सोसायटी आ सकते हैं। शाखा प्रबंधक खोमेश वर्मा ने बताया कि सोसायटी अंतर्गत बटरेल, आगेसरा, अरमरी खुर्द, रिवागहन, उमरपोटी 1762 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से 1735 किसान धान बेच चुके हैं, वहीं 29 किसान हैं, जो 4 फरवरी तक धान बेच सकते हैं। इसी तरह सुरपा एवं बेल्हारी सोसायटी शाखा प्रबंधक भूषण वर्मा ने बताया कि सुरपा सोसायटी अंतर्गत सुरपा, धमना, नवागांव, टेमरी के 1475 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से 1422 किसान लाभान्वित हो चुके हैं। इसी प्रकार बेलहारी सोसायटी अंतर्गत बेलहारी, अकताई, गातापार, किकिरमेटा, चारभाठा अंर्तगत 1177 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से 1137 किसान धान बेच चुके हैं। जो शेष किसान हैं, वे 4 फरवरी तक लाभान्वित हो सकते हैं। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र देशमुख ने बताया कि सोसायटी अंतर्गत जामगांव आर, ओरी, भंसूली, खोला, बासीन, बोरवाय के 1603 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से 1549 किसान धान बेच चुके हैं, 54 किसान शेष हैं। उधर, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी की तिथि 4 दिन और बढ़ाए जाने का दुर्ग जिला भाजपा कार्यकारिणी सदस्य एवं जामगांव आर मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, जामगांव आर मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जामगांव आर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा नेता तेजेंद्र पिपरिया, नरेश केला, टेसराम साहू, अंगेश्वर साहू ने कहा कि किसानों की तकलीफ भाजपा समझती है, बिना मांग किए 4 दिन का समय भाजपा सरकार ने बढ़ाया है, ताकि कोई किसान धान बेचने से न छूटे।

# 10 साल के बच्चे की बेरहमी से हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम चीचा की घटना

जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र में एक स्कूली छात्र की बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को लाश ले जाने से रोक दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम चीचा में कक्षा चौथी में पढ़ने वाले छात्र की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के चीचा गांव निवासी 10 वर्षीय चौथी का छात्र तोरण साहू बुधवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। उसके बाद दोपहर लगभग 1 बजे से स्कूल से गायब हो गया। तोरण शाम तक जब घर नहीं पहुंचा, तो उसकी मां उसे खोजने के लिए निकली। इसी दौरान रात 8 बजे के आसपास स्कूल के पास गौठान में निर्माणाधीन भवन की टंकी में स्कूल ड्रेस में उसकी लाश दिखी। बच्चे की गर्दन में रॉड घुसी हुई थी, वहीं चेहरे पर भी वार किए जाने के निशान हैं। जानकारी मिलते ही अर्जुन्दा थाने की टीम मौके पर पहुंचकर अज्ञात आरोपी की तलाश में जुट गई है। वहीं, घटना के बाद ग्रामीणों में जमकर आक्रोश है। समाचार लिखे जाने तक आक्रोशित ग्रामीण पुलिस को लाश ले जाने नहीं दे रहे थे, वहीं, पुलिस के बड़े अधिकारी मौक़े पर पहुँचकर ग्रामीणों को समझाने की कोशिश करते रहे। खबर लिखे जाने तक बच्चे का शव घटनास्थल पर ही था।

# सर्वोदय योजना से गरीबों के घरों में लगेगा सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ घर की छत पर लगाया जाएगा सोलर पैनल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को गरीब वर्ग, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए सूर्योदय योजना की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत देश के लगभग एक करोड़ परिवारों को इससे फायदा पहुंचेगा। इस योजना का मुख्य लक्ष्य एक करोड़ घर की छतों पर सोलर पैनल स्थापित करना है। केंद्र सरकार इस योजना के लिए जल्द ही एक राष्ट्रीय अभियान शुरू करेगा।

इस योजना के सम्बंध में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र माहला ने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब वर्ग, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए सूर्योदय योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री सर्वोदय योजना से उपभोक्ताओं का बिजली बिल कम आएगा और पैसे की काफी बचत होगी, इस योजना के पात्र लोग अपनी खाली छत का सही इस्तेमाल बिजली उत्पादन के लिए कर सकते हैं, सोलर पैनल स्थापित करने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को जमीन खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी, इस योजना से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और देश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। आवेदक के पास आधार कार्ड, एड्रेस प्रूफ, बिजली का बिल, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो या राशन कार्ड जैसे डॉक्यूमेंट होना जरूरी है।

## दो दिन से भूखा बताकर मांगा खाना, खाने के बाद की ठगी

# जिस थाली में खाया उसी में किया छेद झाड़फूंक के नाम पर पार कर दिया जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घर में साधु के भेष में भिक्षा मांगने आए एक ठग ने अपने आप को दो दिन से भूखा बताया और घर में बैठकर टोनही का साया होने की बात कहते हुए झाड़फूंक के नाम पर 45 हजार रुपए के सोने चांदी पर हाथ साफ कर दिया।

ठगी की इस पूरी घटना को प्रार्थी समझ पाती इससे पहले ही आरोपी फरार हो गया। पूरा मामला जिले के देवरी थाना क्षेत्र का है, जहां एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 45–50 वर्ष है, वह साधु की वेशभूषा धारण कर गांव में भिक्षा मांगने पहुंचा था। इस दौरान एक मकान में महिला को अकेली देखकर उसने दो दिन से भूखा होने कह बात कही। महिला ने उसे अपने घर बुलाया और हलवा तथा अन्य खाने की सामग्री दी। साधु ने भोली भाली महिला को घर में टोनही का साया होने की बात कहते हुए उसके पहने हुए जेवरात को निकलवा लिया और उसे लेकर वहां से भाग निकला। देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम गिधवा निवासी



प्रार्थी पूर्णिमा साहू ने देवरी थाना में उक्त आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना 23 जनवरी मंगलवार को दोपहर करीब 1 बजे के मध्य की है। महिला ने बताया कि उस समय वह घर में अकेली थी, मेरे पति व लड़के बाहर काम करने गये थे। पूर्णिमा साहू ने बताया कि मेरे घर में भिक्षा मांगने के लिए आए ठग ने साधू का वेष धरा था। उसने कहा कि मैं दो दिन से भूखा हूं, कुछ खाने को मिलेगा क्या। महिला ने बताया कि मैंने उसकी बातों में आकर दया करके उसे घर में बुला लिया और हलवा को खाने को दिया। हलवा खाने के बाद उसने कहा कि तुम्हारे घर में टोनही का प्रकोप है, इसलिये तुम आए दिन बीमार रहती हो। उसने झाड़फूंक के नाम पर पहले गले के मंगलसूत्र एवं कान के झुमके को निकालकर टेबल पर रखने को कहा। मैंने अपने जेवर को निकालकर टेबल में रख दिए। फिर उसने अगरबत्ती जलाने और उसे तुलसी चौरा में रखकर आने को कहा। प्रार्थिया ने बताया कि मैं उसकी बात मानकर अगरबत्ती को घर के बाहर स्थित तुलसी चौरा में रखने चली गई। जब वापस गई, तब तक वह टेबल पर रखे मेरे पुराने जेवर, मंगलसूत्र एवं झुमका को लेकर फरार हो गया था। महिला ने बताया कि उसके जेवर की कीमत लगभग 45 हजार रूपए है।

उसके बाद महिला ने जब आसपास के लोगों को साधु के बारे में पूछा, तो किसी ने भी उसे गांव में घूमते हुए नहीं देखने की बात कही। महिला द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने पर गांव भर में लोग आरोपी को ढूंढने लगे, लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं मिला। उसके बाद महिला ने देवरी थाना में रिपोर्ट लिखाई।

### जागरूकता की कमी, इसलिए झांसे में आ रहे लोग

जिले में ठगी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इसी तरह की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार लोगों को जागरूक रहने की अपील भी करती है, वहीं अखबारों के माध्यम से भी खबर प्रकाशित होने के बाद भी लोग जागरूक रहने की बजाए इस तरह की घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

## ग्राम कलंगपुर के ग्रामीणों ने जांच व कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

# सरपंच पर मनमानी व भ्रष्टाचार का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरपंच की मनमानी और उनके कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच तथा कार्रवाई करने की मांग को लेकर जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम कलंगपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने कलंगपुर सरपंच पर गौठान निर्माण, बोर खनन, गांव के वार्ड नम्बर 11 और 12 में नाली निर्माण में भ्रष्टाचार, वृद्धा पेंशन में भ्रष्टाचार सहित अपनी मनमानी करते हुए 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से गांव में शौचालय बनाया गया है, जिसमें अनियमितता है, इन तमाम आरोपों के साथ ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत करते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि साहू समाज द्वारा गांव में शौचालय निर्माण की मांग गुण्डरदेही



जनपद अध्यक्ष से की गई थी। 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृत हुई थी, लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच अपनी मनमानी करते हुए जिस स्थान पर शौचालय बनाने चयनित किया गया था, उस स्थान के बजाए 200 मीटर दूर पर बिना कालम व बिना गहराई किए शौचालय का निर्माण करा रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि जिस जगह पर शौचालय निर्माण हो रहा है, उस जगह को निरस्त कर साहू समाज के भवन के पास बनाया जाए।

### 20 साल पुराने हैंडपंप में मोटर डालकर बता दिया नया

ग्रामीणों ने आगे बताया कि 20 वर्ष पुराने हैंडपंप में मोटर डालकर उसे नया बना हुआ बता दिया गया है। वहीं नाली निर्माण व पेवर ब्लाक निर्माण में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए, मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नारायण चंदन, डिलेश्वर साहू, नीलकंठ, धनीराम, भुखन लाल, पिलेश, राघवेंद्र, हिमांचल, संतोष देवांगन, वेदप्रकाश, रामस्वरूप सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### चीचा (अर्जुन्दा) में सस्वर मानसगान कल से

**अण्डा।** ग्राम चीचा (अर्जुन्दा) में तीन दिवसीय सस्वर मानसगान महोत्सव का आयोजन 2 से 4 फरवरी तक किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ 251 दीए प्रज्जवलित कर किया जाएगा। सरपंच लक्ष्मीनारायण गजभीन, उपसरपंच तेजराम साहू व विनय साहू ने बताया कि महोत्सव में बीस मंडलियों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंडली को रामथैला एवं छत्तीसगढ़ी कलेवा प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही बेटी और उसके माता-पिता, मितानिन, डॉक्टर, राजमिस्त्री, कारपेन्टर एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का सम्मान किया जायेगा।


हरिभूमि पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### सेल सीएसआर कप का ग्राम जरारोदा आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत जरारोदा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट "सेल–सीएसआर कप" का उद्घाटन महाप्रबंधक (फ्लक्स) एवं खदान प्रमुख (कुटेश्वर माइंस) मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रायोजित सेल–सीएसआर कप" का आयोजन आसपास के गांवों के युवाओं के लिए किया जा रहा है।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

**भिलाई।** श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ अहिवारा संतोषी मंदिर प्रांगण में एकता महिला मानस मंडली के तत्वावधान में कलश यात्रा में



महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कथावाचक पं. देवशरण शर्मा ने वेदी एवं मंच पूजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नटवर ताम्रकार एवं वार्ड-5 पार्षद शिवकुमार (शिब्बू) अग्रवाल, नगर साहू संघ के अध्यक्ष दिलहरण साहू, इंद्र कुमार ठाकुर एवं पुरानिक साहू, तेजराम साहू, झेरिया यादव समाज अहिवारा परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेश यादव, सुनिता धनकर आदि मौजूद थे।

### अभ्यर्थियों ने किया गृहमंत्री से मुलाकात

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षित फायरमैन अभ्यार्थियों की सीधी भर्ती करने की मांग को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात किया। इस दौरान अभ्यार्थियों ने बताया कि 10 वर्ष से आपातकालीन सेवा अग्निशमन विभाग में सीधी भर्ती नहीं हुआ है। प्रदेश के शिक्षार्थी लाखों रुपए खर्च कर ट्रेनिंग लेते है। पहले की सरकार के अनदेखी के शिकार हुए प्रशिक्षार्थी नई सरकार के गठन के बाद फिर से आश जागी है। गृह मंत्री विजय शर्मा को सीधी भर्ती के लिए ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान प्रशिक्षित फायरमैन संघ के अध्यक्ष डेरहा राम साहू, सदस्य मुकेश कुमार यादव,अजय कश्यप, धर्मेंद्र कुमार, वरुण दास, रोहित टंडन, विरेन्द्र कुमार मौजूद थे।

### एसआईओ क्रिकेट में अल्फा वारियर्स विजेता

**भिलाई।** भारतीय मुस्लिम युवा विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ने खेल महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। अर्जुन नगर कैंप-1 दशहरा मैदान में बच्चों के लिए आयोजित इस खेल महोत्सव में 10 से 16 साल के बच्चों की कुल 6 टीमों ने भाग लिया। भिलाई के अलग-अलग क्षेत्र के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इनमें टीम अल्फा वॉरियर्स प्रिंस के नेतृत्व में टूर्नामेंट की विजेता बनी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआईओ छत्तीसगढ़ के जोनल सेक्रेटरी इदरीस खान ने विजेता टीम को 1100 रुपये नकद, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल से टीम को सम्मानित किया।

### छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**भिलाई।** 14वीं अन्तरराष्ट्रीय तेंग सूडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 2023-24 नई दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से तेगंसूडो स्पोर्टस एसोसिएशन के चयनित 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन से कई पदक हासिल किए। इन खिलाड़ियों में एन आयुष-स्वर्ण पदक, सोनालिका साहू-स्वर्ण पदक, मेधा साहू-स्वर्ण पदक,अंजली कुमारी-रजत पदक,इन्द्राणी साहू- रजत पदक, जया साहू-रजत पदक,उन्नति यादव-रजत पदक,भावेष साहू-रजत पदक,पर्णवी जंघेल-कास्य पदक,माधुरी साहू-कास्य पदक,अन्जु यादव-कास्य पदक, टीम कोच-दिनेश साहू,टीम मैनेजर-डिगेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षिका-शाउमा विद्यालय कपसदा कुम्हारी जिला-दुर्ग शामिल हैं।

# वेतन समझौता पूर्ण करने संयुक्त यूनियन का दबाव

## गेट मीटिंग में पर्चे बांटकर जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संयुक्त यूनियन द्वारा बोरिया गेट पर मंगलवार को गेट मीटिंग कर पर्चा बांटा गया । संयुक्त यूनियन नेताओं ने ज्लद एनजेसीएस बैठक बुलाकर वेतन समझौता पूर्ण कर लंबित एरियर्स भुगतान की मांग की। गेट मीटिंग में कहा कि 20 जनवरी के एनजेसीएस की बैठक में प्रबंधन ने यूनियनों को प्रस्ताव दिया था कि 29 जनवरी को पुनः बैठक कर लेते हैं, जिसे यूनियनों ने खारिज कर दिया 1 अब जबकि प्रबंधन ने मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय के द्वारा बुलाए गए सुलह बैठक में लगातार एनजेसीएस बैठक कर मुद्दों को हल करने पर अपनी सहमति दी थी और इसी आधार पर 29 एवं 30 जनवरी की हड़ताल स्थगित हुई है तो प्रबंधन अभी तक एनजेसीएस की बैठक का दिन निश्चित नहीं किया है । प्रबंधन जल्द से जल्द अपने वादे



के अनुसार एनजेसीएस बैठक बुलाकर मुद्दों का निराकरण करे । संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि सेल के लोहा बेचने में जो घोटाला सामने आया है वह सामान्य बात नहीं है कर्मियों के खून पसीने से बना हुआ लोहे का एक-एक टुकड़ा बेसकीमती है, इसीलिए सेल में हुए इस घोटाले के खिलाफ सभी कर्मियों को एक होना होगा। जिन कंपनियों को लोहा बेचा गया है वह शेल कंपनियां है शेल कंपनियां वह होती है जिनका धरातल नहीं होता। यूनियन नेताओं ने कहा कि संयंत्र में नियमित कर्मचारीयों को ट्रांसफर एवं पनिशमेंट का भय दिखाकर कार्य कराया जा रहा है एवं ठेका श्रमिकों को काम से निकाले जाने का भय दिखा कर असुरक्षित कार्य करवाया जा रहा है नियमित कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक खुलकर बात करने से भी कतराते हैं।

# बीएमएस ने की ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएमएस के अध्यक्ष रविशंकर सिंह व महामंत्री चन्ना केशवलू ने बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक दस्तीदार से मिलकर दुर्घटना रोकने सुरक्षा चौकस करने की मांग की है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में हुई दुर्घटना के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की भी मांग की है।

बताया कि रेल एंड स्ट्रक्चर मिल में हुए दुर्घटना में जिसमें ठेका श्रमिक का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके कारण श्रमिक का एक पैर काटना पड़ा । बिना ब्रेकडाउन लिए रोलर मेंटेनेंस का कार्य करवाने से एक बहुत बड़ी चूक है । जिम्मेदार पर कार्रवाई करने और घायल ठेका श्रमिक को सभी प्रकार की सुविधा देने और जब तक दोबारा कार्य पर उपस्थित नहीं होता तब तक श्रमिक के परिवार को वेतन देने की मांग की गई। ठेकेदार द्वारा सुरक्षा में लापरवाही करने के कारण यह दुर्घटना हुई है इसलिए ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किया जाए ।

■ सीजीएम से मिला प्रतिनिधि मंडल

यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि सेफ्टी कमेटी की बैठक में उठाए जाने वाले सुरक्षा संबंधित मुद्दों का समाधान भी नहीं कराया जा रहा है जो कि आगे जाकर बड़ी दुर्घटना का कारण बनेगा इस पर भी ध्यान दिया जाए मुख्य महाप्रबंधक दस्तीदार ने जांच के बाग कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी भागीरथी चंद्राकर राजनाथ यादव शामिल थे।

## तीन टाकीज बंद हुए, मैत्रीबाग की चमक फीकी हो रही

# टाउनशिप में मनोरंजन के लिए फौलादी कहां जाएं

पटरीपार में हैं चार टाकीज 2 दशक पूर्व तक बीएसपी करता था सिनेमघरों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेहनत कर उत्पादन करने वाले हजारों कर्मचारियों को थकान दूर करने मनोरंजन के लिए तरसना पड़ रहा है। टाउनशिप में एक भी टाकीज नहीं होने से कर्मचारियों और उनके परिजनों को पटरीपार इलाके में जाना पड़ रहा है या फिर टीवी तक सिमट कर रह गए हैं। वहीं सैरसपाटे के पुराने स्थलों का भी आकर्षण कम होता जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में कुछ साल पूर्व तक तीन टाकीज हुआ करते थे। लेकिन वर्तमान में एक भी नहीं है। दो दशक पूर्व तक बीएसपी द्वारा संचालित दो टाकीजों बंद हो चुके हैं और इन्हें आडिटोरियम में परिवर्तित किया जा चुका है। वहीं एक अन्य निजी सिनेमाघर गीत टाकीज भी बंद हो चुका है। इस टाकीज की बीएसपी की देनदारी के विवाद के बाद यहां संचालित पीवीआर सहित सिनेमाघर सील किए जाने के बाद बंद है। बीस साल पहले तक सिविक सेंटर में चित्रमंदिर और नेहरु सांस्कृतिक सदन में रजत पट पर हिंदी व फिल्में दिखाई जाती थीं। दोनों टाकीज 60 के दशक से संचालित किए जा रहे थे, जहां बीएसपी कर्मचारी ड्यूटी के बाद अपने परिवार के साथ फिल्में देखकर इंजाय किया करते थे। लेकिन 17 साल पहले नेहरु सदन और फिर पांच साल पहले चित्रमंदिर में भी फिल्मों का प्रदर्शन बंद कर इसे महात्मा गांधी कलामंदिर के रुप में सभागार बना दिया गया है। यहां सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम हुआ करते हैं। यानी टाउनशिप में एक भी टाकीज नहीं होने से बीएसपी कर्मियों को निराश होने पड़ रहा है। सेक्टर 6 रशियन कालोनी में भी एक मिनी थिएडर हुआ करता था, जिसे रसियंस के जाने के बाद बंद हो चुका है। जबकि पटरीपार इलाके में चार टाकीज हैं। इनमें सुपेला में व्यंकटेश्वर टाकीज, कैंप में न्यू बसंत और चंद्रा मौर्या टाकीज संचालित है। इनके अलावा सूर्या माल मे एक पीवीआर भी है।



### टाउनशिप में बढ़े मनोरंजन के सेंटर

टाउनशिप में भी अब छविगृह के संचालन और अन्य मनोरंजन सेंटरों को विकसित किए जाने की मांग की जा रही है। यूनियनों के मुताबिक टाउनशिप में टाकीजों की तरह सैरसपाटे के लिए अन्य मनोरंजन सेंटर भी नगण्य है। दो दशक पूर्व सैरसपाटे का एक आकर्षक स्पांट हुआ करता था लेकिन पिछले सालो में इसका आकर्षण भी पहले जैसा नहीं रहा। दस साल से बाहर से नए जानवर व पक्षी नहीं लाए जाने से यह उद्यान के रुप में जाना जाने लगा है। इसके अलावा मनोरंजन का कोई ऐसा स्पांट नहीं है, जहां हजारों कर्मचारी अपने परिवार के साथ रिलेक्स हो सकें। शहीद की चमक भी फीकी होती जा रही है। यूनियनों के मुताबिक ठगड़ा बांध मनोरंजन सेंटर की तरह टाउनशिप में भी आकर्षक व बड़ा मनोरंजन का स्पांट बनाए जाने की मांग की है।

### पायोनियर मान्यूमेंट को संवारने की दरकार

सिविकसेंटर में रुसी उप प्रधानमंत्री के भिलाई आगमन की याद में पायोनियर मान्यूमेंट उद्यान का निर्माण किया गया था। लेकिन यह टूटफूट के साथ असामाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है। इस आकर्षक उद्यान में पहले लोग शाम को परिवार के साथ सैरसपाटे के लिए आते थे। बैठकर शामें गुजारा करते थे। पर लंबे समय से यहां आवारा लड़के लड़कियों और मंदू मतवारों के जमघट से सभ्य लोग आने से कतराते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि पायोनियर मान्यूमेंट की सफाई व साजसज्जा कर इसे विकसित किये जाने की जरुरत है।

## शहर में आयोजन

### वार्डवासियों ने जोन अध्यक्ष का माना आभार



**भिलाई।** वार्ड-34 वीर शिवाजी नगर में बोर खनन किया गया। लंबे समय से वार्डवासियों ने पानी की समस्या से पार्षद को अवगत कराया था। पार्षद ने वार्ड में तीन जगहों पर पार्षद निधि से बोर खनन कराया। इस बोर खनन से वार्डवासियों को पानी की समस्या से निजात मिल पाएगी। वार्डवासियों ने जोन अध्यक्ष व वार्ड-34 के पार्षद जालंधर सिंह का आभार माना। इस अवसर पर पार्षद वार्ड-33 शैलजा राजू, विकास सिंह, नरेश सिंह, मंजीत वर्मा आदि शामिल थे।

### नृत्य में प्रशिक्षित छात्राओं को मिला प्रमाणपत्र



**भिलाई।** एसएनजी विद्यालय सेक्टर-4 प्रांगण में श्री नटराज नृत्य निलय,डान्स अकाडेमी भिलाई-रायपुर(छत्तीसगढ) में नृत्य प्रशिक्षण प्राप्त करीबन 16 युवतियों को प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी व इंडियन नेशनल मेटल वर्कर्स फेडरेशन सचिव एनएन राव थे। इस अवसर पर श्री नटराज नृत्य निलय के संस्थापक एव नृत्य गुरू के.कृष्ण राव को सम्मान में शाल, श्रीफल व मोमेंटो को मुख्य अतिथि एनएन राव ने भेंटकर सम्मानित किया। राव ने कहा कि 1962 में अपनी स्थापना से गुरूजी एवं उनका पूरे परिवार हजारों युवतियों को कुचीपूडी, भरतनाट्यम एव क्लासिकल डान्स का प्रशिक्षण दे रहे है। उनका यह योगदान अतुलनीय है। राव ने कहा कि कृष्ण राव को भारत के पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी के करकमलों सम्मानित किया जा चुका है। कृष्ण राव का नाम गिनीज बुक में भी दर्ज किया गया है। कृष्ण राव को भिलाई तेलुगु समाज एव कलांजलि नाटक संस्था और अनेक संस्थाओं ने भी सम्मानित किया है। उन्होंने इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

### जिला चिकित्सालय में डिलीवरी का रिकार्ड

**भिलाई।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में 27 जनवरी 2024 को स्त्री रोग विभाग में कुल 23 सिजेरियन प्रसव (सीजर डिलीवरी) एवं 15 नार्मल डिलीवरी संपादित की गई है। इस प्रकार एक दिवस (24 घण्टे में) कुल 38 डिलीवरी कराई गई है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में डिलीवरी की संख्या अब मेडिकल कॉलेज स्तर के डिलीवरी की संख्या के समकक्ष है तथा अत्यधिक डिलीवरी से यह प्रदर्शित होता है कि लोग जिला चिकित्सालय दुर्ग के स्त्री रोग विभाग के सेवाओं से संतृष्ट है। सिविल सर्जन डॉ ए.के. साहू से मिली जानकारी के अनुसार 23 सिजेरियन डिलीवरी कराने में डॉ स्मिता सिन्हा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ बसंत चौरसिया निःश्चेतना विशेषज्ञ एवं उनकी टीम एवं स्टॉफ नर्स बिन्दू, रजनी एवं यशोदा तथा नार्मल प्रसव हेतु लेबर कक्ष में कार्यरत चिकित्सक एवं स्टॉफ नर्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की अहम भूमिका रहीं।

# आईआईएम भिलाई चैप्टर की मूल्य संवर्धन पर तकनीकी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में, इंडियन इंस्टिट्यूट अफ मेटल्स–भिलाई चैप्टर द्वारा गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्य संवर्धन विषय पर तकनीकी प्रस्तुति का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम अनीश सेनगुप्ता थे। अध्यक्षता, महाप्रबंधक एवी मनोज ने की । राइट्स भिलाई के संयुक्त महाप्रबंधक देविनेनी राजा ने प्रस्तुति में गुणवत्ता आश्वासन की महत्ता एवं इसके विभिन्न आयामों को बखूबी रेखांकित किया। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए विकसित देशों में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता पद्धतियों के बारे में जानकारियां दी। आरम्भ से अंत तक, वक्ता एवं दर्शकों के मध्य पारस्परिक संवाद ने इस तकनीकी सभा को बेहद रोचक एवं प्रेरणास्पद बनाये रखा। इस अवसर पर राइट्स के अधिकारियों सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के गुणवत्ता से सम्बंधित कई अधिकारी उपस्थित थे। आईआईएम, भिलाई चैप्टर के मानद अध्यक्ष व बीएसपी के ईडी अंजनी कुमार और संस्था के मानद सचिव एवं संयंत्र के जीएम केवी शंकर ने प्रोत्साहित किया।भिलाई चैप्टर के सह अध्यक्ष एवं बीएसपी के एसएमएस–3 के विभागाध्यक्ष एबी श्रीनिवास, आईआईएम भिलाई चैप्टर के कार्यकारिणी के सदस्य महाप्रबंधक यतेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस सहित कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सुष्मिता पटला ने किया।

■ गुणवत्ता आश्वासन पर दिया प्रस्तुतिकरण

------

# ओए ने बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया।

■ पौधे भेंटकर उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

सेफी चेयरमेन व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर तथा महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नामिनी अजय कुमार उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव जेपी शर्मा, संजय तिवारी उपस्थित थे। अधिकारियों को पौधे व चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारीगण अपनी सेवा काल के अविस्मरणीय क्षणों को संक्षिप्त में उल्लेख किया। अधिकारियों ने अनुभव साझा किए। सीजीएमसुष्मिता डे, जीएम बलवीर सिंह, राजकुमार सक्सेना, डीजीएम प्राणनाथ सिंह कुशवाहा,एजीएम उषा साजी सीनियर मैनेजर (पर्सनल) का सम्मान हुआ। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, संतोष सिंह, डीपीएस बरार, एमए.आर. शरीफ, आर एस ठाकुर, राधाकिशुन, शोवन घोष, एस सी साहू, विवेक गुप्ता, राजेन्द्र मंत्री, निखिल पेठे, पी सी राउल, एस के मालवीय, तथा एक्स ओए अध्यक्ष एसआर दास आदि अधिकारी गण उपस्थित थे।

### गनियारी में भागवत महापुराण कथा



**भिलाई।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासी द्वारा गनियारी भिलाई 3 में आयोजन 25 जनवरी से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। 7 दिनों तक चलने वाले इस संगीतमय भागवत पुराण कथा बाल विदुषी कथा वाचिका भक्ति द्विवेदी (बलौदा बाजार) द्वारा प्रभु श्री कृष्ण जी की लीलाओं का झांकियो के साथ रसपान समस्त ग्राम वासी गनियारी ने किया।आज 30 जनवरी शष्टम दिवस को सुदामा चरत्रि परीक्षित मोक्ष, भगवान का स्वलोक गमन की कथा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बुधवार 31 जनवरी को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति के साथ भंडारे प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

## मैत्रीबाग के कार्यक्रम में दिखी सामाजिक समरसता

# स्नेह सम्मेलन में बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सनातन दसनाम गोस्वामी समाज दुर्ग भिलाई द्वारा मैत्री बाग में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां हुईं। महिलाओं और पुरुषों का अलग अलग ग्रुप बनाकर रस्सी खींच प्रतियोगिता बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन में एकल व सामूहिक प्रस्तुति दी। जिला के पूर्व अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी ने भी भजन, आद्यया ने दुर्गास्तुति पाठ किया। अंताक्षरी भी हुई। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुधीर बन,दुर्ग जिला अध्यक्ष दीपक बन और मोहन गिरी गोस्वामी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र पूरी गोस्वामी सहित कुंवर गिरी, शंभू पूरी, लवकेश्वर पूरी,भागवत गिरी, नरेंद्र बन, खिलावन गिरी, तिलक पूरी, महेश पूरी, उमेश गिरी, विक्रांत बन, राजेंद्र भारती, नंदपुरी, भुवनेश्वर पुरी, गोल्डी गोस्वामी, चितरंजन पर्वत, टकेश्वर गिरी,राजेंद्र गिरी, नितिन भारती,चंदन पूरी,देवेंद्र भारती, आशीष गिरी,सचिन गिरी, सौरभ गोस्वामी, उर्मिला, गायत्री, माया, श्रीमती शिवानी, चंद्रकला, संध्या, अर्चना, कविता, उषा, ईश्वरी, ज्योति, परमेश्वरी, सीमा, अलका, अर्चना बन,डाक्टर आकांक्षा, मंजूषा रेणु आदि उपस्थित थे ।

### सनातन दसनाम गोस्वामी समाज का आयोजन



# श्रीराम जानकी मंदिर के आठ नामांतरण को संभागायुक्त ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

श्री राम जानकी मंदिर नगपुरा के नाम दर्ज जमीन की बिक्री किए जाने के मामले में नामांतरण की प्रक्रिया को संभागायुक्त दुर्ग द्वारा फैसला सुनाया गया है। जिसके तहत उन्होने आवेदक की आपत्ति की सुनवाई करते हुए आठ प्रकरणों के नामांतरण को निरस्त कर दिया है। दान के रूप में दी गई इस जमीन की बिक्री को लेकर नायब तहसीलदार दुर्ग को नामांतरण निरस्त किए जाने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि, इस मामले को लेकर नगपुरा के नगपुरा के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में भी शिकायत की थी। इस दौरान मंदिर की ही जमीन को महंत द्वारा बेचने जाने के मामले में उन्होने नायब तहसीलदार की शिकायत की थी। इसी मामले में विगत 14 दिसंबर 2023 को संभागायुक्त दुर्ग द्वारा करीब आठ नामांतरण को निरस्त किए जाने का फैसला सुनाया है। जिसमें उन्होने गुरूदेव डेव्हलपर्स पार्टन्रगण निलेश पारख पिता किशन लाल पारख खंडेलवाल कालोनी दुर्ग, खूबचंद जैन आत्मज रामसेवक दास रसमडा और दूसरे प्रकरण में धनसाय चंदेल आत्मज स्व चमरू चंदेल दुर्ग, तीसरे प्रकरण में संध्या वैष्णव आ नरेन्द्र दास वैष्णव सिकोला व श्री ज्ञानचंद ओस्तवाल आ अखराज ओस्तवाल महावीर कालोनी दुर्ग, सातवे प्रकरण में ज्ञानचंद ओस्तवाल आ अखराज ओस्तवाल महावीर कालोनी, आठवे प्रकरण में अडागुडरी वेंकट लक्ष्मी पति अडागुडरी वेंकट भास्कर राव विजय नगरम आंध्रप्रदेश के नामांतरण को संभागायुक्त जनक प्रसाद पाठक ने निरस्त कर दिया है।

**पालन करेंगे**

संभागायुक्त द्वारा आठ प्रकरण में नामांतरण निरस्त करने का फैसला सुनाया है। जिसका पालन किया जाएगा।

-अविनाश चौहान, नायब तहसीलदार, दुर्ग

**निरस्त हुआ**

संभागायुक्त द्वारा आठ रजिस्ट्री के नामांतरण को निरस्त करने का फैसला सुनाया है। मंदिर की जमीन को कलेक्टर की अनुमति बगैर बेचा गया था।

- आशीष तिवारी, अधिवक्ता

## खबर संक्षेप

### बूढ़ापारा हनुमान मंदिर में किया रामरक्षा स्त्रोत

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने मंगलवार को सुबह बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में सात बार रामरक्षा स्त्रोत का पाठ किया और छह बार हनुमान चालीसा का पाठ। मंडल की आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि बूढ़ापारा केंद्र प्रति मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ करता आ रहा है। जल्दी ही महाराष्ट्र मंडल के अन्य केंद्र भी समीपस्थ हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं रामरक्षा स्त्रोत का पाठ नियमित रूप से करेंगे।

### एनीकट से तालाब भरने की योजना का क्रेडा सीईओ ने किया निरीक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए तालाब न केवल उनके दैनिक उपयोग के निर्वहन के लिए, अपितु बहुत से रीति-रिवाजों से संबंधित कार्यों के लिए भी होते हैं। प्रायः देखा जाता है कि ग्रामीण आस्थाओं से बहुत करीब से जुड़े हुए यह तालाब गर्मी के दिनों में सूख जाते हैं, जिससे न केवल उस तालाब के आश्रित ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ता है, बल्कि उनके रीति-रिवाजों से संबंधित कार्य भी प्रभावित होते हैं।

## निधन

### जानकी देवी साहू



**बालोद।** नगर के वार्ड क्रमांक 03 नयापारा निवासी जानकी देवी साहू 85 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थनीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व.पुरानिक राम साहू की पत्नी व वार्ड के पूर्व पार्षद खेमलाल साहू की माता थीं।

### शोभाराम मेश्राम



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम सिवनी के सम्माननीय नागरिक व ग्राम कोटवार शोभाराम मेश्राम का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार एक फरवरी को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अधिवक्ता प्रीतम मेश्राम के पिता जी थे।

### दौवाराम साहू



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव आर के सेवानिवृत्त शिक्षक ग्राम करेला निवासी दुर्ग जिला सर्वोदय संघ के पूर्व अध्यक्ष दौवा राम साहू 76 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे ग्राम पंचायत करेला के पूर्व सरपंच कांति बाई साहू के पति, प्रोफेसर यशवंत साहू, सुरेंद्र साहू के पिता थे।

# पीएम श्री स्कूल होंगे ग्रीन जोन, वेंडिंग मशीन और सेनेटरी पैड की भी मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत संचालित किए जा रहे 211 स्कूलों के लिए बजट की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम श्री योजना राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकता में शामिल है। पीएम श्री योजना के लिए चयनित शालाओं में सभी जरूरी इंतजाम किए जाएंगे। भवन निर्माण के लिए जिला स्तर पर निर्माण एजेंसी निर्धारित कर निर्माण एजेंसियों को राशि हस्तांतरित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को इन स्कूलों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री अर्थात प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राईजिंग इंडिया योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा, जिसके तहत स्मार्ट क्लास, पुस्तकालए, खेल उपकरण, प्रयोगशाला आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें प्रारंभिक स्तर पर 193, सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी स्तर पर 18 शालाएं शामिल हैं। ये स्कूल आस-पास के स्कूलों में मेंटरशिप भी प्रदान करेंगे।

## प्रदेश में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूल संचालित

### आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता

स्कूल शिक्षा सचिव ने कहा, पीएम श्री योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए 15 दिनों के भीतर आवश्यक राशि जारी करें और एक सप्ताह के भीतर प्राचार्यों की बैठक कर प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन समन्वयक आपसी सामंजस्य बनाकर काम करें। आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देते हुए सभी स्कूलों का स्वयं मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बालवाड़ी में अध्यापन कर रहे शिक्षकों के मानदेय तत्काल भुगतान किए जाने के निर्देश भी दिए।



### खेलों को भी दिया जाएगा महत्व

पीएम श्री योजना के तहत शुरू किए गए स्कूलों में वेंडिंग मशीन, सेनेटरी पैड, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, किशोरावस्था के कार्यक्रम, कॅरियर काउंसलिंग, वार्षिक शाला अनुदान, ग्रीन स्कूल, स्पोर्ट्स, योग, खेल शिक्षक प्रशिक्षण, सोशल एजूकेटर, समावेशी शिक्षा जैसी गतिविधियां भी होंगी। इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## 2 बड़े बकायादारों के फर्मों पर 15 लाख रुपए बकाया, सील किया तो तत्काल आरटीजीएस

# बकाया कर जमा करने में ढिलाई 17 संस्थाओं को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे ने बड़े बकायादारों पर बकाया राजस्व कर वसूलने जोनवार अभियान चलाया है। मंगलवार को अलग-अलग जोन में 17 बड़े बकायादारों के संस्थान को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। वहीं 2 बड़े बकायादार के फर्म को सील करने पहुंची टीम को संबंधित फर्म संचालक ने तत्काल आरटीजीएस कर संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दिया।

- पॉल गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी पर 17 लाख 32 हजार का कर बकाया, दुकान को किया सील

नगर निगम के राजस्व विभाग की जोन टीमों ने 17 विभिन्न संस्थानों को बकाया अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की। इस दौरान बड़े बकायादारों ने 33 लाख 95 हजार 430 रुपए का बकाया राजस्व का भुगतान स्पॉट पर किया। यह कार्रवाई 10 जोन में 79 लाख 81 हजार 519 रुपए के डिमांड नोटिस पर बकाया राशि वसूलने की गई।

वीर शिवाजी वार्ड के 4 स्थानों पर जोन 1 अमले ने बकाया कर वसूली करने कार्रवाई की। 2 जगहों को सील किया गया, 2 स्थानों पर बड़े बकायेदार ने तत्काल बकाये की राशि का भुगतान कर दिया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम को बकायेदारों ने 5 लाख 23 हजार की बकाया राशि का भुगतान किया।

### शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर की 4 दुकानें सील

जोन 2 के राजस्व विभाग टीम ने शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर में अभियान चलाकर वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 तक के बड़े बकायेदार की 11 दुकानों में कार्रवाई की। इस दौरान 4 दुकानों को सील किया गया, अन्य 7 बकायेदारों ने तत्काल बकाया राशि का भुगतान कर दिया। कार्रवाई के दौरान निगम को बकायेदारों ने 5 लाख 50 हजार 156 रुपए का तत्काल भुगतान किया। जोन 3 के कालीमाता वार्ड स्थित बड़े बकायादार न्यू छत्तीसगढ़ किरायेदार के वर्ष 2018-19 से वर्ष 2023-24 तक डेढ़ लाख से ज्यादा के बकाया कर भुगतान नहीं करने पर संस्थान को सीलबंद करने कार्रवाई की गई।



### इन संस्थानों की भी सीलबंदी

जोन 9 की टीम ने 2 वार्ड में 2016-17 से 2023-24 तक के 15 लाख 11 हजार रुपए के बड़े बकायेदार मेसर्स नैक्सेस देवकॉन प्रा. लि., तरुण मरवाह, विजय मरवाह एवं साहू कांप्लेक्स के 3 दुकानदार के संस्थानों में बकाया कर अदा नहीं किये जाने पर सीलबंदी की कार्रवाई की। जोन 10 अमले ने 2 बड़े बकायादारों से संबंधित फर्मो में बकाया राजस्व वसूलने सीलबंदी की कार्यवाही करने गए, इस दौरान दोनों बड़े बकायादारों ने 15 लाख 20 हजार रुपए का आरटीजीएस कर संपूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर सीलबंदी की कार्रवाई से सुरक्षित रखा।



### मोतीबाग कांप्लेक्स की 4 दुकानें सील

मोतीबाग कांप्लेक्स में वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक के बकायेदार गंगा सागर मिश्रा दुकान नंबर 47, शिव प्रसाद दुकान नंबर 48, विवेक गुप्ता दुकान नंबर 49, बलराम गुप्ता दुकान नंबर 50 पर सीलबंदी की कार्रवाई बकाया कर के भुगतान में कोताही पर की गई। जोन 5 की टीम भक्त कर्मा वार्ड क्षेत्र स्थित संस्थान के बड़े बकायेदार पर 4 लाख 77 हजार की बकाया राशि जमा नहीं करने पर संस्थान में सीलबंदी करने पहुंची, इस दौरान संबंधित बड़े बकायेदार ने निगम को सम्पूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर स्वयं को सीलबंदी की कार्रवाई से सुरक्षित रखा। ईश्वरीचरण चरण शुक्ल वार्ड क्षेत्र में 17 लाख 32 हजार रुपए के बड़े बकायेदार पाल गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रोपराइटर अरविंदर सिंह के संस्थान को बकाया अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की।

### माधवराव सप्रे वार्ड में डेयरी मालिक की संस्थान सील

जोन 8 राजस्व विभाग की टीम ने माधवराव सप्रे वार्ड में बड़े बकायेदार व डेयरी मालिक महेंद्र यादव के संस्थान पर सीलबंदी की कार्रवाई की। यह कार्रवाई 2015-16 से 2023-24 तक के 4 लाख 75 हजार 274 रुपए बकाया कर भुगतान नहीं किए जाने पर की गई।

## महामारी नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बालोद जिले को मिला पुरस्कार



**बालोद।** एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम आईडीएसपी की समीक्षा बैठक वित्तीय वर्ष 2023–24 सह कार्यशाला का आयोजन रायपुर में किया गया। इस समीक्षा बैठक में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम जिला बालोद से जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ संजीव ग्लेड, प्रभारी जिला महामारी विशेषज्ञ संदीप मेश्राम, जिला डाटा मैनेजर रविभूशण सोनबरसा एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर मुकेश कुमार यादव उपस्थित थे। जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिला को पुरस्कृत किया गया। उपसंचालक एवं राज्य सर्विलेंस अधिकारी डॉ धर्मेन्द्र गहवई द्वारा एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के समस्त जिलों द्वारा किए गए क्रियाकलापों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें महामारी नियत्रण एवं रोग निगरानी के लिए समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा प्रतिदिवस ऑनलाईन आईडीएसपी, आईएसआईपी पोर्टल एप्प का संधारण किया जाना था। उक्त क्रियाकलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया गया। इनमें बालोद के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम आईडीएसपी ईकाई को महामारी नियंत्रण ग्राम की कुल संख्या जिसमें गुरूर 3, डौण्डीलोहारा 1, गुण्डरदेही 7 में उत्कृष्ट कार्य तथा आईडीएसपी आईएसआईपी पोर्टल में सिन्ड्रोमिक सर्विलेंस लक्ष्य 71 प्रतिशत उपलब्धि 78 प्रतिशत, प्रिजेम्टीव सर्विलेंस लक्ष्य 75 प्रतिशत उपलब्धि 83 प्रतिशत, लैबोरेटरी सर्विलेंस लक्ष्य 72 प्रतिशत उपलब्धि 79 प्रतिशत में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए पुरस्कृत किया गया।

- राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यशाला में किया गया पुरस्कृत

## भाजपा के नए जिलाध्यक्ष बने पवन साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा व किसान नेता पवन साहू को बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पवन साहू ने अपनी इस नियुक्ति के बाद बंजारीधाम मंदिर पहुंचकर माथा टेका इसके बाद वे जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे। पवन साहू ने कहा कि मैं मूलतः कार्यकर्ता स्वभाव का हूं, जिला संगठन 99 प्रतिशत कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुरूप चलेगा। विपक्ष में धरना-आंदोलन पर विरोध-प्रदर्शन करना आसान है, लेकिन सत्ता पक्ष में लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप शत-प्रतिशत परिणाम देना अधिक कठिन होता है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव लोकसभा चुनाव के पूर्व संगठनात्मक नियुक्ति कर रहे हैं, जिसके अंतर्गत बुधवार को चार जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार के कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उनके स्थान पर पवन साहू को जिला अध्यक्ष बनाया गया। वे सरपंच ग्राम पंचायत कोहंगाटोला, जनपद उपाध्यक्ष बालोद सहित साहू समाज के प्रांतीय सलाहकार तथा विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पर रहते हुए वर्तमान में उन्हें जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद का नया दायित्व सौंपा गया है।

- जनता की अपेक्षा में खरा उतरना होता है कठिन कार्य



उनकी नियुक्ति पर प्रमुख रूप से कृष्णकांत पवार, प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, कुमारी मदन साहू, डॉक्टर बालमुकुंद देवांगन, देवलाल ठाकुर, अभिषेक शुक्ला, छगन देशमुख, देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, नरेश साहू, त्रिलोकी साहू, ठाकुर राम चंद्राकार, राकेश छोटू यादव, संध्या भारद्वाज, सुशीला साहू, मोहन जैन, राजीव शर्मा, जयेश ठाकुर, संजय दुबे, अनीता कुमेटी, राधिका भारद्वाज, शिव घरमगुडे, आदित्य पिपरे, दीपा साहू, प्रेम साहू, कौशल साहू, सुरेश निर्मलकर, दुष्यंत सोनवानी, टिनेश्वर बघेल, प्रणेश जैन, राकेश द्विवेदी, प्रेमलता साहू, कृतिका साहू, कमल पनपालिया, दुर्जन साहू, युसुफ खान, कुलदीप साहू, देवघर साहू, धर्म साहू, पालक ठाकुर, दयानंद साहू, प्रकाश नाहर, दानवीर साहू, रौनक कत्याल, नरेंद्र सोनवानी, एकांत पवार, कमल बजाज, मोना टुवानी, लीला शर्मा, सरोजिनी साहू, लेखन शहीरो, राजू पटेल, नमन जैन, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर हर्ष व्यक्त किया है।

## लभांडी और फुंडहर में पानी टंकी बनाई, अब राइजिंग डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने फंड खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी से हजारों लोगों को इस गर्मी में पानी मिलना मुश्किल है। अमृत मिशन के तहत मिली राशि से नगर निगम ने अनुबंधित ठेकेदार से फुंडहर की नई पानी टंकी बनवाई, पर राइजिंग डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन सहित स्काडा सिस्टम के लिए पैसा नहीं है। वहीं लभांडी में पानी टंकी का निर्माण बाटम स्लैब तक ही हो पाया है, बाकी का काम करान पंद्रहवें वित्त आयोग से 40 करोड़ की राशि मांगी गई है। इसकी स्वीकृति शासन स्तर पर लंबित है। राजधानी में अमृत मिशन के तहत शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर में बन रही पानी टंकी का काम फंड की कमी से अटक गया है। लभांडी में 25 लाख किलोलीटर क्षमता की नई पानी टंकी आधी अधूरी ही बन पाई है। पंद्रहवें वित्त आयोग से राशि नहीं मिलने के कारण राइजिंग लाइन बिछाने और लोगों के घरों तक इंटर कनेक्शन का काम नहीं हो पा रहा है। यही नहीं, जल आपूर्ति की निगरानी के लिए स्कॉडा सिस्टम विकसित करने अहम कार्य इससे प्रभावित है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, अमृत मिशन के तहत नगर निगम में शामिल 7 गांवों में नई पानी टंकी स्थापित कर लोगों के घरों तक नलों से पानी पहुंचाने के कार्य की स्वीकृति उन्होंने पहले ही ले ली है।

- पंद्रहवें वित्त आयोग से नहीं मिली 40 करोड़ की राशि



### नहीं मिले 40 करोड़

फुंडहर और लभांडी में नई पानी टंकी निर्माण और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन कार्य सहित स्काडा सिस्टम के लिए 40 करोड़ की मांग की गई है। पंद्रहवें वित्त आयोग से यह राशि अब तक नगर निगम को नहीं मिली है।
- अंशुल शर्मा, नोडल अधिकारी, अमृत मिशन योजना

### फुंडहर में 20 लाख किलोलीटर की नई पानी टंकी तैयार

फुंडहर बस्ती के दोनों तरफ 4 हजार लोगों के घर पहली बार नलों से पानी पहुंचाने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत 20 लाख किलोलीटर की नई पानी टंकी बनवाई है। टंकी की रंगाई पोताई का काम पूरा हो गया है, पर पेयजल वितरण के लिए बिछाई जाने वाली पाइप लाइन के लिए पैसा खत्म होने के कारण काम अटक गया है। वार्ड पार्षद धनेश बंजारे ने आधे अधूरे काम को जल्द पूरा कराने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है, पर स्वीकृत राशि नहीं मिलने से पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू नहीं हो पाया।

## लिमोरा की टीम ने जीती कबड्डी स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम मटिया (ह) में लोहितांग कबड्डी क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बालोद जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुए।

समापन समारोह में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाकर उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि लगातार क्षेत्र में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिससे युवाओं को खेल के प्रति रुझान बढ़ रहा है, खिलाड़ियों को हार–जीत के बजाय अपने शत–प्रतिशत प्रदर्शन की ओर ध्यान देना चाहिए। परिणाम से जीतने वाले की श्रेष्ठता तो प्रकट होती है, लेकिन हारने वाले को भी बहुत सी सीख मिलती है। सरपंच बोरगहन संत राम चंद्राकर ने कहा कि आज के परिवेश में पढ़ाई लिखाई के साथ खेल खेलना आवश्यक है, युवाओं का जोश कबड्डी के खेल में दिखाई देता है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान अतिथियों ने सभी विजेता, उपविजेता तथा तीसरे स्थान की टीमों को शील्ड व नगद राशि देकर सम्मानित किया। फाइनल मुकाबला लिमोरा व हरणसिंघी के मध्य हुआ, जिसमें लिमोरा ने विपक्षी हरणसिंघी को हराकर स्पर्धा को अपने नाम किया। विजेता लिमोरा को प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार हरणसिंघी को 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार चंदनबिरही को 1501 रूपये प्रदान किए गए। इस अवसर पर रामकृष्ण साहू, राकेश साहू, ताम्रध्वज साहू, ताराचंद साहू, शेखर यादव, कृष्णा साहू, युधिष्ठिर यादव, अजीत साहू, महेन्द्र रात्रे, रुपचंद जैन, देवशरण यादव, भूपेश अहिरे, चेतन ठाकुर, शिव गिरी गोस्वामी, महेश्वर यादव, संजय गोस्वामी, हेमंत ठाकुर, गुलेश्वर साहू, नरेंद्र नेताम, थानेश्वर सर्वा, खेमन साहू, प्रदीप साहू, कौशल साहू, हतेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, आयोजक समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री से नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने की मुलाकात

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मंगलवार को उनके शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ ज्ञानेंद्र मणि ने सौजन्य मुलाकात की। डॉ. मणि ने वित्त मंत्री से चर्चा करते हुए उन्हें राज्य में नाबार्ड के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। नाबार्ड की तरफ से श्री चौधरी को 2024-25 के स्टेट फोकस पेपर रिलीज के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. मणि ने जानकारी देते हुए कहा कि नाबार्ड पहले जिला और फिर राज्य का क्रेडिट पोटेंशियल बताता है। इससे कृषि, लघु एवं मध्यम उद्योग समेत अन्य प्रायोरिटी सेक्टर के प्रयोजनों के लिए राज्य को नाबार्ड से ऋण मिलने में मदद मिलती है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**
फार्म -अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रूपेन्द्र कुमार आ. स्व. श्री हलधर सिंह, जाति हल्बा, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम व पो. भीमकन्हार, तह. डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका धनेश्वरी आ. श्री लेखराम, जाति हल्बा, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम व पो.मार्रीबंगला, तह. मार्रीबंगला देवरी, जिला बालोद द्वारा छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत् पुष्टिकरण के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत् पुष्टिकरण के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 09/02/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आगामी तिथि- 09.02.2024

आज दिनांक 11.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

**विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### तरूण पारकर बने विधायक प्रतिनिधि



**गुण्डरदेही।** विधायक व पूर्व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने जनपद पंचायत गुण्डरदेही में विभिन्न कार्यो के निष्पादन व बैठकों में शामिल होने के लिए हरणसिघीं निवासी तरूण पारकर को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू, संतुराम पटेल, कोदुराम दिल्लीवार, संजय साहू, आलोक चन्द्राकर, मानसिंह देशलहरा, केके राजू चंद्राकर, तामेश्वर देशमुख, सलीम खान, सागर साहू, अनिल कटहरे, शिव कुमार साहू, रामेश्वर चन्द्राकर, बलराम अंगारे, रिजवान तिगाला, सुनील चन्द्राकर, अभिषेक यादव, बलराम अंगारे सहित अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सोरर में होगा कलार महोत्सव

**कुसुमकसा।** आगामी 14-15 फरवरी को ग्राम सोरर में छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा कलार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक महासमुंद राजू सिन्हा के साथ प्रदेश के कलार समाज के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। समाज के सह संयोजक योगेन्द्र सिन्हा ने बताया कि कलार महोत्सव राज्य में समाज का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें प्रदेश भर से करीब 50 हजार सामाजिक बंधु शामिल होंगे। दल्ली, कच्चे के कलार समाज के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने निमन्त्रण स्वीकार करते हुए कलार जायसवाल समाज के 90 परिवार हैं। सभी परिवार सहित देवी माता बहादुर कलारिन के देव स्थान में जाने की बात कही और समाज के तरफ से आर्थिक सहयोग व जन सहयोग की बात कही।

### पसौद (हल्दी) में मानस गान सम्मलेन 9 से

**लाटाबोड़।** ग्राम पसौद (हल्दी) में तीन दिवसीय सस्वर संगीतमय मानस गान सम्मलेन का आयोजन 9 से 11 फ़रवरी तक किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष खिलावन साहू ने बताया कि उक्त सम्मलेन में 13 मंडलियां भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को संध्या समय महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### एमबीए छात्र ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भिलाई।** प्रेम प्रसंग के चलते एमबीए के छात्र ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दी। आत्महत्या करने से पहले छात्र ने एक वीडियो भी बनाया है। जिसमें युवती समेत तीन लोगों के बारे में सारी जानकारी दिया है। इन्हीं तीन लोगों से प्रताड़ित होकर अपनी जान देने की बात वीडियों में बताया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि कैम्प 1 निवासी गौरव राय घर से सुबह टहलने के लिए निकला था। जिसकी लाश बजाज शो रुम के पीछे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटी लाश मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची शव का शिनाख्त कर एक मोबाइल जप्त किया है। मोबाइल में गौरव राय ने एक वीडियों बनाया है। जिसमें युवती समेत चार लोगों का नाम बताया है, जिनके कारण छात्र गौरव आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा रहा है। वीडियों के मुताबिक गौरव का युवती के साथ चार साल से प्रेम संबंध चल रहा था।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री सलाहकार व समीक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# आम लोगों की बैंकिंग संबंधी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के सभी बैंकर्स को आम लोगों के बैंकिंग संबंधी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए हैं। जिससे की आम जनता एवं खाता धारकों को बैंक से संबंधित कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने में किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी बैंकर्स को विद्यार्थियों को शिक्षा लोन के अलावा जरूरतमंद लोगों को छोटे-मोटे व्यवसाय स्थापित करने तथा अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्राथमिकता के साथ ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, भारतीय रिजर्व बैंक के जिला अग्रणी अधिकारी सुशील सहाड़े, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रणय दुबे सहित विभिन्न बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षा लोन सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने बैंकवार शिक्षा लोन के अंतर्गत स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने जिले में वार्षिक साख योजना की उपलब्धि की समीक्षा के अलावा शासन द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत चन्द्रवाल ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्टैण्डअप इंडिय, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के साथ-साथ अंत्यावसायी, अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जन धन योजना अंतर्गत खोले गए खातों में आधार तथा मोबाईल नंबर सीडिंग एवं रुपे कार्ड वितरण की भी समीक्षा की।

## पशुओं को लगाया गया निःशुल्क एंटी रेबीज का टीका



**गुण्डरदेही।** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु कल्याण पखवाड़ा 14 से 30 जनवरी तक निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन नगर पंचायत गुण्डरदेही के सामने किया गया।

इस शिविर में पालतू एवं लावारिस कुत्ते, बिल्लियों को एंटी रेबीज का टीकाकरण डिवर्मिंग एवं इलाज किया गया। उक्त शिविर में नगर के आलावा क्षेत्र के अन्य गांवों के पशुमालिक शामिल हुए। लाभान्वित पशुमालिकों में थानसिंह मंडावी, उमेश ठाकुर, विनोद कोसरे, कमल पचभाई, संदीप सोनकर, राजेश सोनी, युवराज महोबिया, चित्रलेखा राजपूत, टेकराम, जागेंद्र, रोहन यादव उपस्थित थे। पशुधन विकास विभाग से डॉ. मौसमी यादव, प्रभारी पशु चिकित्सालय एसके निषाद, डीआर साहू, गेंदलाल सिन्हा, प्रतिभा सिन्हा, कपिल, रोहित, गेंद्रे, बलराम साहू, मोबाइल वेटनरी यूनिट से डॉ. लक्ष्मी साहू, रुपेश साहू, टोमन साहू उपस्थित थे।

## बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का संदेश देकर गांव में निकाली शानदार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत विनायकपूर के विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में बालिकाओं द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए रैली निकाली गई, पम्पलेट वितरित किया गया। इसमें ग्राम की सरपंच द्वारा बालिकाओं को बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पढ़ाई करने का संदेश दिया, शिविर में निबंध, ड्राइंग, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें बालिकाओं ने बहुत उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इसके माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए अपने विचारों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती ललीता गजपाल, पर्यवेक्षक रेखा लोनारे, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठक, श्रीमती संध्या सिरपुरावर, टीकेंद्र चंद्राकर, श्रीमती विजेता सूर्यवंशी, श्रीमती रामेश्वरी रायटे, श्रीमती उषा सिन्हा, श्रीमती चमेली ठाकुर, श्रीमती भावना तिवारी, कार्यकर्ता श्रीमती गोमती देवांशी, सुभाष देवांगन, प्रमिला साहू, शकुंतला धीवर उपस्थित थी।

## शिक्षा से खुलता है प्रगति का मार्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ निषाद समाज ने मनाया भक्त गुहा निषादराज जयंती

ढीमर निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद राज जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर के निषाद समाज द्वारा श्री राम, लक्ष्मण व सीता माता की वेशभूषा में झांकी के साथ कलशयात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा निषाद समाज भवन से निकलकर नगर के अंबेडकर चौक से होते हुए नगर का भ्रमण किया। जिसकी अगुवाई सामाजिक बंधुओं के द्वारा झूमते नाचते जयकारा लगाने के साथ की गई और कलश यात्रा सामाजिक भवन में लौटकर समाप्त हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा कर कहा समाज के लोगो को एकजुट होना पड़ेगा। समाज को शिक्षित करने के लिए जोर देना चाहिए, शिक्षा ही प्रगति का मार्ग खोलती है। समाज के युवा वर्ग को आगे आकर अपने समाज के विकास एवं हित में कार्य करना चाहिए।

आज सभी समाज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शिक्षा पर जोर दे रहे है। उसी तरह हम भी अपने आने वाले समय में समाज के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करे तभी हमारा समाज का सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष निषाद समाज बालोद राजेंद्र निषाद थे। अध्यक्षता तहसील निषाद समाज गुरुर टीआर निषाद ने किया। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष निषाद समाज संतोष निषाद, पार्षद नगर पंचायत जितेंद्र ओझा, शोभित ओझा, जीतेश्वरी निषाद, संगठन सचिव गैंदलाल निषाद, बुधारू ओझा, मोतीलाल निषाद, रोशन निषाद, बालमुकुंद निषाद, चेतन निषाद, श्रवण निषाद, टीकाराम निषाद, रमेश्वर निषाद, तुलसी निषाद, संध्या निषाद एवं समस्त सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## गलत संगत से जीव हो जाता है अधम : पं. उपाध्याय



**अंडा।** एक सच्चा और ईश्वर की भक्ति में लीन व्यक्ति भी गलत संगत में पड़कर निकृष्ट और अधम हो जाता है। वह अपने जीवन के मूल उद्देश्य को भूलकर काम, क्रोध, मद, लोभ में पड़कर भोग और विलास से ग्रसित हो जाता है। जरूरी है कि हम हमेशा इस बात को लेकर चौकन्ना रहें कि, हमारी संगती कैसी है? क्या हम अनजाने में ही पापकर्म में लिप्त हो रहे हैं। इसके लिए हमें बीच-बीच में सत्संग की जरूरत होती है। उक्त बातें ग्राम कोनारी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह में पंडित अनिल उपाध्याय ने कही। पंडित जी ने भरत चरित्र और अजामिल की कथा सुनाते हुए आगे कहा कि आज अपने दैनिक जीवन में हम ऐसे उलझे हैं कि पता ही नहीं चलता और जाने-अनजाने हमसे पाप होते रहते हैं। अपने जीवन के अंतकाल में अजामिल ने अपने पुत्र नारायण को आवाज लगाई। लेकिन यह आवाज भक्तवत्सल भगवान ने भी सुनी और अजामिल को यमदूत की प्रताड़ना से मुक्त किया। कथा में सरपंच भारत लाल चंद्राकर, ग्रामीणजनों की उपस्थिति थी। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक हो रही है।

### कुष्ठरोग के प्रति लोगों को किया जागरुक



**बालोद।** मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज दानीटोला बालोद के छात्र-छात्राओं द्वारा अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय कुष्ठ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने स्लोगन, नुकड़ नाटक माध्यम से कुष्ट रोकथाम हेतु जागरूक करने के लिए लोगों को समझाया, साथ में शहीद अस्पताल के मुख्य अधिकारी डॉ. शैबाल जाना एवं पुष्पा अस्पताल के मुख्य डॉ. अनसिली फ्रान्सिस व कॉलेज की प्रिंसिपल सिजो कोशी के साथ शिक्षक-शिक्षिका व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सेना व पुलिस में भर्ती के लिए दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन तथा भूतपूर्व सैनिक संघ के सहयोग से भारतीय सेना एवं पुलिस विभाग के अंतर्गत होने वाले भतएँ परीक्षाओं के लिए जिले के 16 से 23 वर्ष के युवा-युवतियों को शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशकों के द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद स्टेडियम एवं फुटबाल ग्राउंड दल्लीराजहरा में सुबह 07 से 09 बजे तक पुरूष व महिला अभ्यर्थियों को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### शुरू हुई खेल स्पर्धा



**गुरूर।** ग्राम बासीन के हाई स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने गोला फेंक कर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

### सशिमं में हुआ शिशु नगरी कार्यक्रम



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर गुरुर में शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग जनपद पंचायत राजश्री क्षत्रिय, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू ने किया। विशेष अतिथि विमल कुमार सिन्हा थे। कार्यक्रम में कक्षा अरुण से द्वितीय तक के भैय्या-बहनों के द्वारा 50 मीटर दौड़, गोली चम्मच, मेढक दौड़, जलेबी दौड़ का आयोजन हुआ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विद्यालय के प्राधानाचार्य दीनदयाल साहू, आचार्य गिरेंद्र शर्मा, सुदर्शन साहू, अजय साहू, मनीष कुमार, तुकेश्वरी गजेंद्र, सरोज, रेखा रावटे, रेवती यादव, भुनेश्वरी सिन्हा, दुर्गा साहू उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी से गैस सिलेंडर और चावल की चोरी




**गुण्डरदेही।** मंगलवार की रात को खुटेरी (भट) के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में अज्ञात चोर ने गैस सिलेंडर व ड्रम में रखे चावल की चोरी कर ली। चोरी की रिपोर्ट रनचिरई थाना में दर्ज कराई गई है। चोरी की जानकारी बुधवार को सुबह तब हुई, जब सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र खोलने आई। आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर रखे गैस सिलेंडर व ड्रम में रखा चावल नहीं था। चोर बाउंड्रीवाल फांदकर और चैनल गेट के ताला तोड़कर अंदर घुसा था। आंगनबाड़ी सहायिका ने घटना की जानकारी सरपंच, महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर व रनचिरई पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रनचिरई पुलिस ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच कर जांच के बाद आज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

राजस्व अधिकारियों की बैठक में लंबित मामलों की हुई समीक्षा

# अवैध प्लाटिंग-अतिक्रमण के खिलाफ बरतें सख्ती : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे की आम जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय का निर्देश दिया हैं। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग एवं एवं अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भी अभियान चलाकर सख्ती से कार्रवाई करने कहा है। इसके अलावा अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा इसका शीघ्र निराकरण करने कहा। उन्होंने लोक सेवा गारण्टी योजना के अंतर्गत प्राप्त राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई तथा आरबीसी 6/4 के प्रकरणों के अंतर्गत की जा रही कार्रवाई की भी जानकारी ली। उन्होंने आरबीसी 6/4 के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण कर प्रभावित लोगों को तत्काल मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने नामांतरण, बंटवारा आदि सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

